दिन– रविवार

दिनांक– 28 / 09 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से।

अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

02. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज बिहार दौरे पर। साहित्य अकादमी के उन्मेष कार्यक्रम के समापन समारोह में होंगे शामिल।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा – एनडीए गठबंधन के बीच दुर्गा पूजा के बाद होगा सीटों का बंटवारा।

04. बक्सर का गोकुल जलाशय और पश्चिम चंपारण की उदयपुर झील रामसर स्थल की सूची में शामिल।

05. और, जमुई के शैलेश कुमार ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीता। राज्य सरकार ने पचहत्तर लाख रूपये इनाम की घोषणा की।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे। यह इस कार्यक्रम की एक सौ छब्बीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसके अलावा मन की बात का प्रसारण आकाशवाणी की वेबसाइट तथा न्यूज ऑन एआईआर मोबाइल एप पर भी उपलब्ध होगा। कार्यक्रम को प्रसार भारती के वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म पर भी सुना जा सकता है। मन की बात कार्यक्रम का आकाशवाणी, दूरदर्शन समाचार, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी सीधा प्रसारण होगा। इसके तुरंत बाद मैथिली भाषा में इसका प्रसारण आकाशवाणी के दरभंगा केन्द्र से किया जायेगा। इसी प्रसारण को दोबारा रात्रि आठ बजे से भी सुना जा सकता है।

---

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज बिहार आ रहे हैं। इस दौरान उपराष्ट्रपति राजधानी पटना के ज्ञान भवन स्थित सम्राट अशोक सभागार में साहित्य अकादमी के कार्यक्रम उन्मेष के समापन समारोह में भाग लेंगे। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से–

–––बाईट–––

इससे पहले, श्री कृष्णन पटना के जयप्रकाश गोलंबर पर लोकनायक जयप्रकाश नारायण को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। उपराष्ट्रपति दोपहर बाद मुजफ्फरपुर में कटरा स्थित देवी चामुंडा मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। उपराष्ट्रपति के दौरे को देखते हुये पटना और मुजफ्फरपुर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए हैं।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि दुर्गा पूजा के बाद एनडीए गठबंधन के बीच सीटों का बंटवारा हो जायेगा। समस्तीपुर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुये श्री शाह ने कहा कि कार्यकर्ता एनडीए के सभी प्रत्याशियों को भाजपा का प्रत्याशी मानकर काम करेंगे। उन्होंने कहा कि यह चुनाव बिहार को प्रगति के पथ पर लाने का चुनाव है।

———बाईट———

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज वैशाली जिले में सात सौ चौवालीस करोड़ पचासी लाख रूपये की लागत वाली तीन सौ इकतीस विकास योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री एक सौ बाईस करोड़ से अधिक की लागत से बनने वाले भवन, पुस्तकालय, खेल मैदान और सड़क सहित अन्य योजनाओं का शिलान्यास करेंगे।

---

बिहार विधानसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के नेतृत्व में आयोग की टीम चार अक्टूबर को दो दिन के दौरे पर पटना आयेगी। आयोग की टीम चुनाव की तैयारियों को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करेगी। इस दौरान विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी विचार विमर्श होगा। इससे पहले, निर्वाचन आयोग तीन अक्टूबर को नई दिल्ली में विधानसभा चुनाव के लिए नियुक्त सामान्य, पुलिस और व्यय प्रेक्षकों के साथ बैठक करेगा।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार सेवा और सुशासन के मंत्र से प्रेरणा लेते हुए परिवर्तन और प्रगति लाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। आज, विशेष श्रृंखला – सेवा पर्व में, हम आपको जानकारी दे रहे हैं कि कैसे मोदी सरकार ने अटल पेंशन योजना के माध्यम से भारत के असंगठित कार्यबल के लिए सामाजिक सुरक्षा को मज़बूत किया है।

———बाईट———

---

राज्य के दो नये आर्द्रभूमि क्षेत्र को रामसर स्थलों की सूची में शामिल किया गया है। इनमें बक्सर का गोकुल जलाशय और पश्चिम चंपारण की उदयपुर झील शामिल है। केन्द्रीय वन और पर्यावरण मंत्रालय के अनुसार गोकुल जलाश्य के चार सौ अड़तालीस हेक्टेयर और उदयपुर झील के तीन सौ उन्नीस हेक्टेयर क्षेत्र को इसमें

अधिसूचित किया गया है। इसके साथ ही प्रदेश में रामसर स्थलों की संख्या बढ़कर पांच हो गयी है। बेगूसराय की कांवर झील और जमुई के नागी और नकटी पक्षी अभ्यारण्य पहले इस सूची में शामिल हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार के स्थलों के इस सूची में शामिल होने पर प्रदेशवासियों को बधाई दी है। गौरतलब है कि भारत रामसर स्थलों की संख्या के मामले में एशिया में पहले और दुनिया में तीसरे स्थान पर बना हुआ है।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा घोषित अगली पीढ़ी के जीएसटी सुधार भारत की अप्रत्यक्ष कर प्रणाली को सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। ये सुधार विभिन्न खेल उपकरणों पर कर की दर कम करके खिलाड़ियों को पर्याप्त राहत प्रदान कर रहे हैं। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

शारदीय नवरात्र के सातवें दिन आज देवी दुर्गा के छठे स्वरूप कात्यायनी की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की जा रही है।

–––म्यूजिक–––

बांग्ला पद्धति के अनुसार पूजा वाले स्थानों पर मां भगवती का पट आज खुल जायेगा। पटना के प्रसिद्ध शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी और छोटी पटनदेवी, कैमूर के मुंडेश्वरी मंदिर, गोपालगंज के थावे मंदिर, दरभंगा के मां श्यामा काली मंदिर, खगड़िया के कात्यायनी शक्तिपीठ, सहरसा के महिषी स्थित उग्रतारा मंदिर और मुंगेर के मां चंडिका शक्तिपीठ में बड़ी संख्या में श्रद्धालु देवी की पूजा–अर्चना कर रहे हैं। दुर्गा पूजा को लेकर राजधानी पटना समेत पूरे प्रदेश में महौल भक्तिमय हो गया है। प्रतिमाओं और पूजा पंडालों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

–––म्यूजिक–––

---

दुर्गा पूजा और अन्य त्योहारों के दौरान शांति व्यवस्था और नागरिक सुरक्षा के लिए राज्यभर में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जायेंगी। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि केंद्रीय बलों की ग्यारह कंपनियां सुरक्षा व्यवस्था में लागाई जायेंगी। इधर, पटना जिला प्रशासन ने भी दुर्गा पूजा के दौरान भीड़–भाड़ को लेकर परामर्श जारी किया है। परामर्श में कहा गया है कि अभिभावक मेला घूमने के दौरान बच्चों की जेब में नाम, पता और मोबाईल नम्बर अवश्य रखें।

---

नई दिल्ली में चल रही विश्व पैरा एथलेटिक्स प्रतियोगिता में जमुई के शैलेश कुमार ने ऊंची कूद प्रतियोगिता में एक दशमलव नौ एक मीटर की छलांग लगाकर नया रिकॉर्ड बनाते हुये स्वर्ण पदक जीता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शैलेश कुमार की इस ऐतिहासिक जीत पर उन्हें बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने शैलेश कुमार को खेल पुरस्कार योजना के तहत पचहत्तर लाख रुपए की राशि और प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की घोषणा की है। उन्होंने कहा है कि शैलेश की यह जीत बिहार में खेलों के क्षेत्र में हो रहे बदलाव का प्रत्यक्ष प्रमाण है।

---

एशिया कप टी–ट्वेंटी क्रिकेट के फाइनल में आज भारत का मुकाबला पाकिस्तान से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात आठ बजे से खेला जाएगा। एशिया कप के इकतालीस वर्ष के इतिहास में यह पहला मौका है, जब दोनों टीमें फाइनल खेलेंगीं। भारत अब तक आठ बार एशिया कप का खिताब अपने नाम कर चुका है, जबकि पाकिस्तान दो बार चैंपियन बना है। इस बार के टूर्नामेंट में दोनों टीमे तीसरी बार आमने सामने होंगी।

---

मौसम विभाग के अनुसार आज उत्तर और दक्षिण बिहार के कई जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की सम्भावना है। विभाग के अनुसार इस अवधि में उत्तर–पश्चिम, उत्तर पूर्व और दक्षिण – पश्चिम भागों के कुछ जिलों में बारिश हो सकती है। वहीं, शेष स्थानों पर मौसम शुष्क बना रहेगा।

---

क्रांतिकारी स्वतंत्रता सेनानी भगत सिंह की आज एक सौ अठारहवीं जयंती पर देश उन्हें श्रद्धापूर्वक याद कर रहा है। इस अवसर पर भगत सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– तमिलनाडु में एक्टर विजय की रैली में भगदड़, छत्तीस की मौत।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– आईआईटी पटना की विस्तारीकरण योजना का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया शिलान्यास। छह सौ करोड़ रूपये की लागत से होगा विकास।

दैनिक भास्कर लिखता है– गृह मंत्रालय के फर्जी आई–कार्ड के साथ पटना एयरपोर्ट से एक युवक गिरफ्तार।

प्रभात खबर ने दुर्गा पूजा से जुड़ी खबर को तरजीह देते हुये लिखा है– सौभाग्य योग में कल खुलेगा पट, भक्तों को दर्शन देंगी माँ।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों के साथ विचार साझा करेंगे।

02. उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज बिहार दौरे पर। साहित्य अकादमी के उन्मेष कार्यक्रम के समापन समारोह में होंगे शामिल।

03. भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह ने कहा – एनडीए गठबंधन के बीच दुर्गा पूजा के बाद होगा सीटों का बंटवारा।

04. बक्सर का गोकुल जलाशय और पश्चिम चंपारण की उदयपुर झील रामसर स्थल की सूची में शामिल।

05. और, जमुई के शैलेश कुमार ने वर्ल्ड पैरा एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीता। राज्य सरकार ने पचहत्तर लाख रूपये इनाम की घोषणा की।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।